0/C

ADITYA BIRLA
HINDALCO

दिनांक : 29.06.2021

सेवा में,
श्रीमान् प्रभागीय वनाधिकारी
रेणुकूट वन प्रभाग, रेणुकूट,
सोनभद्र, उत्तर प्रदेश।

विषयः जनपद–सोनभद्र में हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुसागर पावर डिवीजन), रेणुसागर को 132 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन हेतु हस्तांतरित 52.9666 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि के पट्टे का 25 वर्षो (दिनांक 15.10.2021 से 15.10.1946 तक)के लिये नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव संख्या FP/UP/TRANS/41830/2019 के संबंध में ।

संदर्भः 1. मुख्य वन संरक्षक, मिर्जापुर का पत्रांक 4476 / मी0क्षे0 / 33 / मिर्जापुर दिनांक 23.04.2021
2. आपका पत्रांक 3767 / रेणुकूट / 15–27 दिनांक 01.06.2021 व पत्रांक 4178 / रेणुकूट / 15–27 दिनांक 28.06.2021

महोदय,

विषयक प्रकरण में उपरोक्त पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसके द्वारा आपने निम्नलिखित तीन बिन्दुओं को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया है। उक्त बिन्दुओं का निराकरण कर दिया गया है जो निम्न प्रकार है :–

| क्रम सं0 | विवरण | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रश्नगत परियोजना में संलग्नक 13 पृष्ठ संख्या 24 पर प्रश्नगत लाईन में आने वाली कुल भूमि का क्षेत्रफल त्रुटिपूर्ण है । | प्रश्नगत परियोजना में संलग्नक 13 पृष्ठ संख्या 24 पर प्रश्नगत लाईन में आने वाली कुल भूमि के क्षेत्रफल का संशोधन कम्पनी प्रतिनिधि द्वारा स्वयं डी0एफ0ओ0, रेणुकूट व सी0सी0एफ0, मिर्जापुर के कार्यालय में आकर कर दिया जायेगा । |
| 2 | प्रश्नगत परियोजना में संलग्नक 20 पृष्ठ संख्या 35 पर भुगतान किये गये लीज रेंट के विवरण के अनुसार उ0प्र0 राज्य सरकार के आदेश 5281 / 14–2–96–800(27) / 1995 दिनांक 15.10.1996 के आलोक में वर्ष 1996–97 में दिनांक 31.10.1996 मु0 3,13,986.00 लीज रेंट जमा किया गया है। वर्ष 1997–98 की लीज रेंट दिनांक 31.03.1998 में 17 माह विलम्ब से जमा किया गया है। इस बिलम्ब के लिये क्या प्रयोक्ता | इस बिन्दु के संबंध में सादर अगवत कराना है कि हिण्डालको संस्थान द्वारा प्रथम लीज रेंट वर्ष 1996–97 (दिनांक 15.10.1996 से 14.10.1997 तक) का भुगतान चेक / डिमाण्ड ड्राफ्ट सं0 904066 दिनांक 31.10.1996 रू0 3,13,986 /– द्वारा कर दिया गया है। जहॉ तक वर्ष 1997–98 (दिनांक 15.10.1997 से 14.10.1998 तक) के लीज रेंट के भुगतान का प्रश्न है, इस संबंध में अवगत कराना है कि लीज रेंज की मॉग वन विभाग द्वारा अपने पत्र सं0 6381 / रेनुकूट / 15 दिनांक 28.06.1997 द्वारा |

ADITYA BIRLA
HINDALCO

| | | |
|---|---|---|
| | अभिकरण द्वारा विलम्ब शुल्क सहित रेंट जमा किया गया है । स्थिति स्पष्ट करें, तथा 2021–22 का लीज रेंज जमा किये जाने का उल्लेख किया जाय । | की गयी थी जबकि संस्थान द्वारा दिनांक 14.10. 1997 तक का लीज रेंज का भुगतान पहले ही किया जा चुका था। तत्पश्चात वन विभाग ने वर्ष 1997 व 1998 दो वर्ष का लीज रेंट की मॉग अपने पत्र सं0 3862/ रेनुकूट/ 15 दिनांक 19.03.1998 द्वारा की गयी जिसका भुगतान संस्थान ने चेक/ डिमाण्ड ड्राफ्ट सं0 908013 दिनांक 21.03.1998 रू0 3,13,986/– व चेक/ डिमाण्ड ड्राफ्ट सं0 909187 दिनांक 06.10.1998 रू0 3,13,986/– द्वारा कर दिया गया है। इस प्रकार संस्थान द्वारा वर्ष 1996, 1997 व 1998 के लीज रेंट का भुगतान मॉग पत्र मिल जाने पर अविलम्ब कर दिया गया है। और कोई विलम्ब नहीं है, अतः विलम्ब शुल्क का कोई औचित्य नहीं है। संबंधित पत्रों की छायाप्रति **संलग्नक–1** संलग्न है । <br>वर्ष 2021–22 का लीज रेंट डिमाण्ड ड्राफ्ट संख्या 283837 दिनांक 15.04.2021 रू0 3,13,986.00 संस्थान के पत्र दिनांक 20.04.2021 द्वारा आपके कार्यालय में जमा कर दिया गया है। संबंधित पत्रों की छायाप्रति **संलग्नक–2** संलग्न है । |
| 3 | प्रश्नगत परियोजना में संलग्नक 74, 75, 76, 77, 78, 79 पृष्ठ पर डी0एस0एस0 एनालिसिस से संबंधित प्रमाण पत्र 106.00 हे0 का वानस्पतिक घनत्व 0.4 अथवा 40 प्रतिशत से कम है । उल्लेख किया गयाहै। कि पुष्टि करायी जाय । | प्रश्नगत परियोजना में संलग्नक 74, 75, 76, 77, 78, 79 पृष्ठ पर डी0एस0एस0 एनालिसिस से संबंधित प्रमाण पत्र 106.00 हे0 का वानस्पतिक घनत्व 0.4 अथवा 40 प्रतिशत से कम है। जिसकी पुष्टि हेतु सी0डी0 संलग्न है। घनत्व की पुष्टि सी0डी0 द्वारा किया जा सकता हैं। |

अतः श्रीमान्जी से अनुरोध है कि विषयक प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,
कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

29/06/2021

(विवेक कुमार)
हेड–लीगल

30/06/2021

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी रेनुकूट वन प्रभाग सोनभद्र
फाइल सं० ........
पं०सं० ........
दि० ........

संलग्नक : उपरोक्तानुसार (पॉच प्रतियों में)

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District, Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: 91 22 6691 7001
Corporate ID No.: L27020MH1958PLC011238